परेशानी | ग्रामीणों ने पुलिस और कलेक्टर से की तत्काल कार्रवाई की मांग

वर्षों से गांव का माहौल खराब कर रही महिला और आसामाजिक तत्व

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. बीजाडांडी विकासखंड अंतर्गत ग्राम समनापुर में एक महिला के असामाजिक आचरण से परेशान होकर पूरे गांव ने एकजुटता दिखाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम के पंचगणों और ग्रामीणों ने थाना बीजाडांडी प्रभारी को लिखित शिकायत करते हुए महिला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि ग्राम समनापुर निवासी झनकरानी उर्फ गुड्डी पति प्रेम तेकाम पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह विगत 32 वर्षों से अपने व्यवहार के कारण गांव का माहौल खराब कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला शराब पीकर हंगामा करती है और असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर गांव की शांति भंग कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद महिला के आचरण में कोई सुधार नहीं आया है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के इस व्यवहार से पूरा गांव परेशान हो गया है, क्योंकि यह न केवल गांव के वातावरण को दूषित हो रहा है, बल्कि खासकर युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

पंचों की समझाइश हुई विफल

शिकायत में बताया गया है कि 32 वर्षों के दौरान गांव के पंचों द्वारा महिला को कई बार सामूहिक रूप से समझाया गया और उसके आचरण को सुधारने के लिए चेतावनी भी दी गई, लेकिन महिला मानने को तैयार नहीं हुई। इतना ही नहीं, आरोप है कि उसने पंचों को भी अपशब्द कहे। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के ससुर स्वामी लाल तेकाम को भी समाज के द्वारा कई बार कहा गया कि वह अपनी बहू के आचरण में सुधार लाएं, लेकिन महिला के इस जिद्दी और नकारात्मक व्यवहार के कारण पूरा परिवार सहमत है कि समाज उसका विरोध करे।

ग्राम से बहिष्कार की मांग

ग्रामीणों ने अपनी परेशानी से लिखित में थाना प्रभारी बीजाडांडी को अवगत कराया है और इस आवेदन को कलेक्टर और मंडला पुलिस अधीक्षक को भी भेजा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस गंभीर सामाजिक समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। परेशान ग्रामीण अब इस महिला का ग्राम से बहिष्कार करने की बात भी कह रहे हैं, जिससे गांव में शांति बनी रहे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि वे अपनी सभ्यता और सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।

ग्राम में वर्षों से निवासरत एक महिला झनकरानी का क्रियाकलाप ठीक नहीं है, जिसके कारण गांव का माहौल ओर समाज में गलत प्रभाव पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए थाना बीजाडांडी में शिकायत लेकर पहुंचे है।

धनीराम बरकड़े, पूर्व सरपंच, समनापुर

ग्राम समनापुर के महिला, पुरूष एक महिला के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे है। ग्रामीणों के अनुसार महिला द्वारा गांव का माहौल खराब किया जा रहा है, शिकायत मिली है, गांव जाकर वस्तुस्थिति समझकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रदीप कुमार पांडे, थाना प्रभारी, बीजाडांडी

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर पुलिस सख्त

मंडला, नैनपुर में तीन तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर जुर्माना

डीजे सिस्टम के साथ वाहन चालक पर हुई चालानी कार्यवाही

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में जिले भर में अवैध रूप से एवं अत्यधिक ध्वनि स्तर पर डीजे बजाने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंडला पुलिस द्वारा दो और थाना नैनपुर पुलिस द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाने वाले एक चालानी कार्रवाई की गई। बताया गया कि नैनपुर पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र में एक बिना नंबर के नए पिकअप वाहन को रोका। इस वाहन का चालक प्रतीक नारंग निवासी वार्ड क्रमांक 10, नैनपुर वाहन में 14 बड़े काले रंग के साउंड बॉक्स लगाकर अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। पुलिस द्वारा वाहन एवं साउंड सिस्टम से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर चालक प्रतीक नारंग दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा का उल्लंघन करने पर पुलिस ने तत्काल चालानी कार्यवाही की। पुलिस ने वाहन चालक से तीन हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया।

बड़ चौक में तेज आवाज में डीजे बजाने पर दो वाहनों से जुर्माना

थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ चौक क्षेत्र में दो डीजे वाहनों पर बड़ी चालानी कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस ने बड़ चौक पर डीजे नटराज वाहन एमपी 09 जीई 3539 के चालक मन्नू कुशवाहा और पावर सॉग डीजे वाहन सीजी 04 पीयू 5888 के चालक मनीष को पकड़ा। ये दोनों चालक अत्यधिक तेज आवाज में गाने बजा रहे थे, जिससे ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था। बताया गया कि जब पुलिस ने वाहन चालकों से डीजे सिस्टम और वाहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो वे उन्हें प्रस्तुत नहीं कर सके। इस उल्लंघन पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों वाहनों से पांच-पांच हजार रूपए का समन शुल्क वसूल किया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध रूप से या निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि स्तर पर डीजे बजाने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अति दुर्लभ-जंगल का सच्चा रोमांच, नर बाघ कर रहा बाघिन को रिझाने का प्रयास

बाघ, बाघिन का रोमांचक वीडियो वायरल

कान्हा के मुक्की जोन में दुर्लभ नजारा

टी-125 और टी-106 के आमने-सामने का वीडियो वायरल

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. कान्हा टाइगर रिजर्व का मुक्की जोन इन दिनों एक दुर्लभ और रोमांचक घटना के कारण सुर्खियों में है। यहां एक नर बाघ टी-125 और बाघिन टी-106 को आमने-सामने देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटकों के बीच यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। पर्यटकों द्वारा बनाए गए इस एक्सक्लूसिव वीडियो में नर बाघ टी-125 जिसे पट्टे वाला भी कहते हैं, बाघिन टी-106 एमबी-3 को रिझाने की कोशिश करते हुए दिखाई देता है। यह दृश्य कान्हा के जंगल के वास्तविक और निजी रोमांच को दर्शाता है, जो प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया है।

वन्यजीव विशेषज्ञों ने बताया अति दुर्लभ दृश्य

वन्यजीव विशेषज्ञों और कान्हा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस तरह के अंतरंग और स्वाभाविक दृश्य जंगल में बेहद दुर्लभ होते हैं। पर्यटकों को ऐसे नजारे कम ही देखने को मिलते हैं, जिससे यह घटना कान्हा टाइगर रिजर्व के इतिहास में दर्ज हो गई है। विशेषज्ञों ने बताया कि नर और मादा बाघों के बीच इस तरह की क्रिया-प्रतिक्रिया का सार्वजनिक रूप से दिखना कान्हा की समृद्ध वन्यजीव विविधता को उजागर करता है। यह घटना दर्शाती है कि पार्क में बाघों का प्रजनन चक्र और सामाजिक व्यवहार स्वस्थ और सक्रिय है। टी-125 और टी-106 का यह वीडियो न केवल कान्हा टाइगर रिजर्व की लोकप्रियता को बढ़ा रहा है, बल्कि भारत में बाघ संरक्षण के सफल प्रयासों का भी प्रमाण दे रहा है।

मंडला में विजयदशमी उत्सव, होगा भव्य पथ संचलन

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिले में आगामी 13 अक्टूबर को विजयदशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण और पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संघ के प्रचार विभाग ने बताया कि उत्सव में मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे अष्टविनायक लॉन में स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विजयदशमी उत्सव के माध्यम से समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्र भावना का संदेश प्रसारित करना है। पथ संचलन के जरिए संघ अपनी संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करेगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए नैनपुर में जरूरी है कोचिंग डिपो

नैनपुर जंक्शन के विकास का खुलेगा रास्ता

कोचिंग डिपो के लिए खाली है 900 एकड़ जमीन उपलब्ध

नैनपुर 7 अक्टूबर नभाप्र. मध्यप्रदेश के रेलवे इतिहास में एशिया के सबसे बड़े जंक्शन नेरोगेज के समय के रूप में विख्यात नैनपुर जंक्शन को वर्तमान में यात्री सुविधाओं और ट्रेन संचालन के विस्तार के लिए एक कोचिंग डिपो की आवश्यकता है। रेलवे के मध्य क्षेत्र का केंद्र बिंदु होने के कारण यहां कोचिंग डिपो स्थापित करने की मांग जोर पकड़ रही है, जिससे यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित सफर मिल सके।

बताया गया कि ट्रेनों के सुचारु संचालन के लिए कोचिंग डिपो एक अनिवार्य केंद्र होता है। यह डिपो यात्री ट्रेनों के डिब्बों के रखरखाव, मरम्मत और गहन निरीक्षण के लिए जिम्मेदार होता है। डिपो में पिट लाइन, कोच वाटरिंग, वाशिंग लाइन, स्टेबलिंग लाइन और सिक लाइन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होती हैं, जो प्रत्येक यात्रा के बाद कोचों को अगली यात्रा के लिए तैयार करने, उनकी तकनीकी खराबी दूर करने और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि नैनपुर में यह डिपो बनता है, तो यह जबलपुर रेल मंडल के लिए एक आवश्यक रखरखाव केंद्र के रूप में उभरेगा।

डिपो के लिए है पर्याप्त भूमि

बताया गया कि कोचिंग डिपो के लिए पर्याप्त भूमि और जल संसाधन की आवश्यकता होती है, और नैनपुर जंक्शन इस मामले में पूरी तरह से उपयुक्त है। रेलवे के पास यहां लगभग 900 एकड़ जमीन अभी भी खाली है। इसके साथ ही नैनपुर में एक विशाल तालाब, चारों ओर नदियाँ और अन्य जल स्रोत भी पर्याप्त है, जिससे डिपो के संचालन में पानी की कोई कमी नहीं आएगी। बताया गया कि रेलवे बोर्ड द्वारा छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और नैनपुर क्षेत्र के लिए एक कोचिंग डिपो बनाने की योजना पहले से है। पहले इस डिपो को कल्मना स्टेशन में खोलने की संभावना थी, जिसके लिए सर्वे भी हुआ था, लेकिन जमीन की कमी के कारण यह मामला लटक गया। अब नैनपुर में इसकी स्वीकृति के लिए फाइल आगे बढ़ चुकी है।

लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन भी अधिक सुगमता से हो सकेगा

नैनपुर में कोचिंग डिपो बनने से रेलवे को न केवल डिब्बों के रखरखाव में आसानी होगी, बल्कि यह नैनपुर से मंडला, बालाघाट, गोंदिया, सिवनी और छिंदवाड़ा सहित अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन भी अधिक सुगमता से कर सकेगा। केंद्र बनने के बाद लंबी दूरी की एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को नैनपुर से संचालित करने में रेलवे को कोई परेशानी नहीं आएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के रेल विकास का रास्ता खुलेगा। स्थानीयजनों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग और सक्रिय मांग से यह परियोजना जल्द ही साकार हो सकती है। अनुमान है कि यदि स्वीकृति मिलती है, तो कोचिंग डिपो का निर्माण कार्य 1 से 2 साल के भीतर पूरा हो जाएगा, जिससे नैनपुर जंक्शन का महत्व और विकास कई गुना बढ़ जाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए सभी नागरिकों और प्रतिनिधियों से इस परियोजना को गति देने की अपील की गई है।

स्वर्णकार समाज ने मनाई महाराजा श्री अजमीढ देव जयंती

नारायणगंज 7 अक्टूबर नभाप्र. नारायणगंज स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा श्री अजमीढ देव जयंती का आयोजन धूमधाम और भक्तिभाव के साथ किया गया। श्री अजमीढ देव को स्वर्णकार समाज का आराध्य माना जाता है, जिनकी जयंती पर समाज ने पारंपरिक रूप से एकजुट होकर कार्यक्रम संपन्न किया।

इस अवसर पर नारायणगंज के समस्त स्वर्णकार समाज के लोगों ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और अपने आराध्य देव से सुख-समृद्धि की कामना की। जयंती समारोह में समाज के सभी सदस्य सक्रिय रूप से भागीदारी की, जिसके बाद कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

नारायणगंज जनपद के ग्राम खेरी में शुरू हुआ आदि सेवा केंद्र

आदिवासी परिवारों की अब भाग-दौड़ खत्म, एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी सरकारी योजनाएं

नारायणगंज 7 अक्टूबर नभाप्र. जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत खेरी ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभा के दौरान आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का प्रमुख उद्देश्य आदिवासी परिवारों को समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए शुरू किए गए इस आदि सेवा केंद्र से अब ग्राम की जनता और आदिवासी परिवारों को विभिन्न योजनाओं के लिए बार-बार अलग-अलग सरकारी दफ्तरों में भटकने से मुक्ति मिलेगी। इस पहल से समय की बचत होगी और लोगों की परेशानी दूर होगी, इसके साथ ही उन्हें समय-समय पर सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित सदस्यों ने इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर लोगों को सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र को समाधान केंद्र के रूप में प्रारंभ किया गया। इस आयोजन में नोडल अधिकारी रामाकांत मसराम, सरपंच शांतिबाई हुकुम, सचिव अनिल शर्मा, उपसरपंच दीपक सोनी, ग्राम पंचायत के सभी पंच एवं गांव के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

भक्तिमय माहौल में शरद पूर्णिमा के दो चांद नाटिका का मंचन

पिंडरई में आचार्यद्वय विद्या सागर और समय सागर का अवतरण दिवस मनाया

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. लघु तीर्थ क्षेत्र व्रती नगरी पिंडरई में मुनिश्री नीरज सागर एवं मुनिश्री निर्मद सागर के पावन सानिध्य में आचार्य द्वय श्री विद्या सागर एवं आचार्य महाराज समय सागर का अवतरण दिवस मनाया गया। प्रात: काल माँ श्रीमंती एवं पिता मल्लप्पा के रूप में जोड़ों ने सामूहिक गुरूजी भक्ति करते हुए श्री आचार्य छत्तीसी विधान किया। मुनिश्री नीरज सागर ने कीर्तन कराया, जिससे पूरा वातावरण गुरु भक्ति के रंग में रंग गया। इसके बाद मुनिश्री निर्मद सागर ने अपनी देशना के माध्यम से गुरुजी के उपकारों से परिचय कराया। बताया गया कि सायंकाल एक शाम गुरूजी के नाम भजन संध्या एवं महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पाठशाला परिवार एवं बालिका मंडल द्वारा मंचित नाटिका शरद पूर्णिमा के दो चाँद रही। पाठशाला की प्राध्यापिका ब्र. साक्षी दीदी ने बताया कि नाटिका के भावपूर्ण मंचन से उपस्थित जनता भावविभोर हो गई और गुरूजी की याद में सभी की आँखें नम हो गईं। इससे पूर्व शोभायात्रा निकाली गई और बाजार चौक में नवयुवक मंडल ने मिष्ठान वितरित किया। समाज के प्रत्येक वर्ग की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

गोष्ठी में घाटों का कटाव रोकने और प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार पर दिया जोर, रोको-टोको अभियान चलाने का सुझाव

मेरा घाट, मेरा तीर्थ पर प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी आयोजित

संरक्षण के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता, जनभागीदारी की मांग

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. नर्मदा समग्र न्यास द्वारा गोंडी पब्लिक ट्रस्ट के सभागार में मेरा घाट-मेरा तीर्थ विषय पर प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ भारत माता और नर्मदा समग्र न्यास के प्रवर्तक स्वर्गीय अनिल माधव दवे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। न्यास के संभाग समन्वयक नीलेश कटारे ने गोष्ठी की प्रस्तावना रखी, जिसके बाद क्षेत्रीय टोली सदस्य गजेन्द्र गुप्ता ने नर्मदा समग्र न्यास के उद्देश्य विस्तार से बताए। नर्मदा समग्र न्यास के मेरा घाट-मेरा तीर्थ अभियान का प्रमुख उद्देश्य घाटों को तीर्थ मानकर उनकी स्वच्छता और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। इस अभियान में घाटों का कटाव रोकना, घास और उपयुक्त पौधे लगाना, आस-पास प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना, तथा प्राचीन मंदिरों एवं स्थापात्य जैसी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना शामिल है। अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क, स्थानीय सहभागिता और विशेष पर्व अभियान जैसी गतिविधियां की जाएंगी।

प्रबुद्धजनों ने दिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव

गोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने नर्मदा संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें राजेश क्षत्री ने संरक्षण के लिए सोच में परिवर्तन और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की बात कही, जिसका समर्थन करते हुए श्रीमती संध्या शिवहरे ने घाटों के विकास के लिए लोगों को ओनरशिप लेने का सुझाव दिया। श्याम श्रीवास ने मंडला के नर्मदा तट पर स्थित प्राचीन मंदिरों के संरक्षण की आवश्यकता बताई और घाटों की स्वच्छता के लिए रोको-टोको अभियान चलाने का आह्वान किया। आनंद सोनी ने नर्मदा संरक्षण के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता को अनिवार्य बताते हुए, जर्जर हो चुके प्राचीन घाटों के अविलंब जीर्णोद्धार की मांग की। उन्होंने नर्मदा में निर्माण कार्य के दौरान हो रही मिट्टी पुराई और अंधाधुंध रेत दोहन पर गहरी चिंता व्यक्त की। संतोष कोष्टा ने कहा कि नर्मदा की दुर्दशा पर जनसामान्य में पीड़ा और आक्रोश है, इसलिए संरक्षण के लिए एक मंच पर आकर छोटे-छोटे विषयों पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस गोष्ठी में नर्मदा संरक्षण पर कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जागरूकता अभियान | मंडला पुलिस ने दी व्हाटसअप हैकिंग और फिशिंग से सुरक्षा की जानकारी, साइबर ठगी से बचने के लिए 1930 करें डायल

पुलिस ने दिलाई नशा न करने की शपथ, साइबर जागरूकता अभियान भी चलाया

मंडला 7 अक्टूबर नभाप्र. मंडला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने और मद्द निषेध सप्ताह के तहत नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों में एक संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा द्वारा 35वीं वाहिनी ग्वारा में, थाना बिछिया द्वारा बाजार चौक में और थाना बीजाडांडी द्वारा साप्ताहिक बाजार में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों, विशेष रूप से व्हाट्सएप हैकिंग एवं फिशिंग लिंक द्वारा होने वाली ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस ने साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने और सहायता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में भी विस्तार से बताया, जिससे पीड़ित नागरिक तत्काल पुलिस की मदद ले सकें।

नशा न करने की दिलाई शपथ

साइबर जागरूकता के साथ ही मद्द निषेध सप्ताह के अंतर्गत आमजन को नशा न करने और न करने देने की शपथ दिलाई गई। पुलिस ने लोगों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों से अवगत कराया और उन्हें नशा छोड़कर स्वस्थ एवं सम्मानित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस संयुक्त पहल का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल और सामाजिक, दोनों स्तरों पर सुरक्षित और स्वस्थ बनाना है। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन, ग्रामवासी और शासकीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।